

# सोशल मीडिया पर भ्रामक और आपत्तिजनक पोस्ट पर पुलिस हुई सख्त

## पुलिस अधीक्षक सीधी के निर्देश पर सोशल मीडिया में भ्रामक, भड़काऊ और अभद्र टिप्पणी पोस्ट करने वालों पर दर्ज हो चुके हैं मामले

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 अप्रैल। सोशल मीडिया पर भ्रामक और आपत्तिजनक पोस्ट पर पुलिस सख्त हो चुकी है। पुलिस अधीक्षक सीधी के निर्देश पर सोशल मीडिया में भ्रामक, भड़काऊ और अभद्र टिप्पणी पोस्ट करने वालों पर मामले दर्ज हो चुके हैं।**

सोशल मीडिया पर भ्रामक और आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर सीधी पुलिस द्वारा अभी अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई है। दरअसल सांसद डॉ.राजेश मिश्रा को लेकर की गई पोस्ट पर अभद्र भाषा में टिप्पणी करने पर एफआईआर दर्ज हुई है। तत्संबंध में समीपी पड़खुड़ी नं.2 निवासी पुष्पराज मिश्रा पिता बुद्धिराम मिश्रा द्वारा अपनी फेसबुक आईडी में सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा द्वारा संसदीय क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों के संबंध में समय-समय पर पोस्ट किया जाता रहा है। उनके द्वारा की गई पोस्ट पर प्रकाश मिश्रा एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा अभद्र अश्लील भाषा का प्रयोग किया जा रहा था।




जुलाई-अगस्त 2025 से पोस्ट पर अभद्र टिप्पणी पर पुष्पराज मिश्रा द्वारा कोतवाली थाना में कार्यवाई के लिये आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदन पर अज्ञात फेसबुक धारकों के विरूद्ध पुलिस ने धारा 296, 351(4), 352, 356(2) बीएनएस की धारा पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। शिकायतकर्ता पुष्पराज मिश्रा ने आपत्तिजनक टिप्पणियों का स्क्रीनशॉट भी प्रस्तुत किया।

वहीं अन्य मामले में थाना सेमरिया अंतर्गत एक कंटेनर यूपी 78 जेएन 9557 के संबंध में अपहरण की मिथ्या सूचना प्रसारित करने के मामले में दो इंस्टाग्राम आईडी संचालकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार 9 मार्च 2026 को ग्राम बढ़ौरा हाईवे पर उक्त कंटेनर की गहन जांच के उपरांत पुलिस ने पाया था कि लड़कियों को ले जाने वाली सूचना पूर्णतः निराधार और तथ्यहीन है। पुलिस प्रशासन द्वारा तत्काल इसका आधिकारिक खंडन भी किया गया था। इसके बावजूद इंस्टाग्राम आईडी गुडियारानी एवं बालमुकुंदपाण्डेय5633 के यूजर्स द्वारा बिना किसी उत्तरदायित्व के इस अफवाह को प्रचारित किया गया, जिससे समाज में एक अनावश्यक तनाव की स्थिति निर्मित हुई। जांच में यह अत्यंत चिंताजनक पहलू सामने आया है कि इन भ्रामक पोस्ट्स के माध्यम से समाज में ऐसा उकसावा पैदा किया गया जो किसी भी निर्दोष व्यक्ति कंटेनर चालक व क्लीनर के विरुद्ध अनचाही अनहोनी की पृष्ठभूमि तैयार कर सकता था। उक्त इंस्टाग्राम आईडी के यूजर्स के विरुद्ध धारा 353(1)(ख) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

### सोशल मीडिया में अभद्र टिप्पणी का बढ़ा ग्राफ

सोशल मीडिया में किये गये पोस्ट पर अभद्र टिप्पणी करने में कुछ लोग काफी अग्रणी नजर आ रहे हैं। ऐसे लोग अभ्रद टिप्पणी बेखौफ होकर करते हैं, क्योंकि उन्हें कार्यवाई का खौफ नहीं रहता। सोशल मीडिया में भ्रामक पोस्ट एवं अभद्र टिप्पणी करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहना चाहिये। वहीं ऐसे लोगों के विरूद्ध त्वरित कार्यवाई सुनिश्चित करने की जरूरत है।

### सीधी पुलिस की जनता से अपील

सोशल मीडिया पर किसी भी सूचना को साझा करने से पहले सोचें कि क्या आपकी एक क्लिक किसी बेगुनाह के विरुद्ध भीड़ को लामबंद तो नहीं कर रही। अफवाह फैलाना केवल सूचना का प्रसार नहीं बल्कि एक सुरक्षित समाज के ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करना है। जिम्मेदार बनें, सत्यता की पुष्टि करें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।




# गैस आपूर्ति व्यवस्था में सुधार, अब शिकायत पर तुरंत होगा समाधान

## पीएनजी योजना से उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 अप्रैल। घरेलू गैस की उपलब्धता को सुगम और पारदर्शी बनाने के लिए जिले में एक प्रभावी पहल की गई है। प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी दी कि जिला नोडल अधिकारी एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा प्रताप गैस एजेन्सी का औचक निरीक्षण किया गया।**

जांच के दौरान पाया गया कि 22 मार्च 2026 तक की बुकिंग वाले उपभोक्ताओं को गैस सिलेण्डर का वितरण किया जा रहा है। एजेंसी प्रबंधन के अनुसार वर्तमान में सामान्य दिनों की तुलना में बुकिंग संख्या अधिक होने से बैकलॉग बढ़ा है हालांकि कम्पनी से गैस की आपूर्ति लगातार मिल रही है और लम्बित बुकिंग को जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। इसी के साथ जिले में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा सिटी गैस वितरण योजना के अंतर्गत नगर पालिका सीधी, नगर परिषद रामपुर नैकिन और नगर परिषद चुरहट में पाइप लाइन बिछाने का कार्य तेजी से जारी है। नगर पालिका सीधी क्षेत्र में 147 परिवारों को ट्रायल आधार पर पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं, जबकि जल्द ही चुरहट और रामपुर नैकिन में भी पीएनजी ट्रायल शुरू किया जाएगा। यह पहल शासन की उस मंशा को दर्शाती है, जिसमें उपभोक्ताओं को निर्बाध, सुरक्षित और सुविधाजनक गैस आपूर्ति सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। पीएनजी व्यवस्था लागू होने से भविष्य में सिलेण्डर पर निर्भरता कम होगी और उपभोक्ताओं को अधिक सुविधा मिलेगी। उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक व्हाट्सएप नंबर भी जारी किया गया है। जिन हितग्राहियों को रिफिल सिलेण्डर प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या हो, वे 8839677266 पर अपना बुकिंग नंबर, तिथि, उपभोक्ता क्रमांक और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर भेजकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# छात्रों और अभिभावकों को राहत देने के लिए दो दिवसीय पुस्तक मेला कल से

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 अप्रैल।** विद्यार्थियों और अभिभावकों को शैक्षणिक सामग्री उचित दरों पर सहज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल की गई है। शैलेन्द्र सिंह सोलंकी सीईओ जिला पंचायत ने आदेश जारी कर जिले एवं विकासखण्ड स्तर पर 5 एवं 6 अप्रैल को दो दिवसीय पुस्तक मेला आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। यह पुस्तक मेले जिले के विभिन्न स्थानों शास.उत्कृष्ट उच्च.माध्य. विद्यालय क्र. 1 सीधी, शास. उत्कृष्ट उच्च.माध्य. विद्यालय सिहावल, शास. उत्कृष्ट उच्च.माध्य. विद्यालय रामपुर नैकिन, शास. मॉडल उच्च. माध्य. विद्यालय मझौली तथा शास. सांदीपनि उच्च.माध्य. विद्यालय कुसमी में प्रातः 9 बजे से सायं 9 बजे तक आयोजित होंगे। इस पहल का उद्देश्य अभिभावकों को अनावश्यक खर्च से राहत देना और विद्यार्थियों को उनकी जरूरत की किताबें, कॉपियां, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म, जूते, मोजे, टाई आदि सामग्री एक ही स्थान पर प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य पर उपलब्ध कराना है।

# स्थापना दिवस पर पूरा जिला हो भाजपा मय, ऐसी करे तैयारी : देव कुमार

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 अप्रैल। आगामी 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस जिले भर में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। जिसमें जिले से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता, पदाधिकारी, सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।**





उक्त आशय के विचार भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने नगर मंडल द्वारा आयोजित तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए कही। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने भारतीय जनता पार्टी के इतिहास और विकास का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और ऐसे राजनीतिक दल के हम सब कार्यकर्ता और पदाधिकारी हैं जो अपने आप में गौरवान्वित होने वाला पल है। हम सभी को पार्टी का स्थापना दिवस, जन्म दिवस के रूप में भव्यता और उत्साह के साथ प्रत्येक बूथ, हर घर और गली-गली, डगर-डगर में मनाना चाहिए। पार्टी के स्थापना दिवस की तैयारी ऐसी हो कि पूरा जिला भाजपा मय दिखे। स्थापना दिवस के पूर्व कार्यालयों की साज सज्जा, स्थापना दिवस के दिन ध्वजारोहण सहित अनेक प्रकार के जनहित कार्यक्रम आयोजित करना है। इस अवसर पर नगर मंडल के पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे।

# मनरेगा के खात्मा को लेकर राजेन्द्र भदौरिया का जनसंपर्क आज से

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 अप्रैल। केन्द्र शासित भाजपा सरकार ने मनरेगा समाप्त करके श्रमिकों के पेट में लात मारने का काम किया है। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस की यूपीए सरकार ने स्थानीय स्तर पर गांव में मजदूरों को साल भर में 100 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी दी थी। जिसे भाजपा ने जी राम जी का नामकरण करके रोजगार का कानूनी अधिकार समाप्त कर दिया है।**



काम का कानूनी अधिकार समाप्त हो जाने से श्रमिक पलायन करने के लिए भी विवश हो गए हैं। इसके विरोध में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पूरे देश में अभियान चलाया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल के मार्गदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह चौहान द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह भदोरिया को चुरहट विधानसभा क्षेत्र के हनुमानगढ़ सेक्टर में जनसंपर्क कर जनसंवाद करने की जिम्मेदारी सौंपी है। ब्लॉक कांग्रेस हनुमानगढ़ के अध्यक्ष शिवकुमार सिंह गोड़ ने जानकारी देते हुए बताया है कि राजेन्द्र भदोरिया 4 अप्रैल को झगरी, पोस्ता, धनिगमा, 5 अप्रैल को पोड़ी, हनुमानगढ़, अकौरी, 7 को कुशमहर, चकड़ौर, धनहा तथा 8 अप्रैल को भुईयाडोल, बजरंगगढ़ तथा खड्डी खुर्द में श्रमिकों से जनसंपर्क करके संवाद करेंगे। उन्होंने संबंधित सभी स्थानीय प्रदेश, जिला, ब्लाक, मंडलम, सेक्टर, प्रकोष्ठ तथा बीएल के साथियों से अनुरोध किया है कि निर्धारित तिथि व स्थान पर पहुंचकर जनसंपर्क व जन संवाद कार्यक्रम में शामिल होने का कष्ट करें।

# सहकारी बैंक की समीक्षा बैठक आज

**सीधी 3 अप्रैल।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीधी के प्रधान कार्यालय में 4 अप्रैल शनिवार को सायं 5 बजे कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में पैक्स कम्प्यूटरीकरण, ई-विकास पोर्टल की प्रगति, 31 मार्च 2026 की स्थिति में खरीफ ऋण वसूली, खरीफ एवं रबी उपार्जन की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही बैंक के ऋण वितरण एवं एनपीए की 31 मार्च 2025 की स्थिति, सीएम हेल्पलाइन की प्रगति सहित अन्य विषयों पर भी चर्चा की जाएगी।

# अब किसानों को समय पर मिलेगा सटीक मौसम पूर्वानुमान, मौसम स्टेशन हुआ सक्रिय

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 अप्रैल। किसान कल्याण वर्ष के तहत किसानों की आय बढ़ाने और फसलों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जिले में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। कृषि विज्ञान केन्द्र सीधी में स्थापित स्वचालित मौसम स्टेशन अब पूरी तरह से क्रियाशील हो गया है जिससे किसानों को समय पर सटीक मौसम जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।**



यह आधुनिक मौसम स्टेशन तापमान, आर्द्रता, हवा की गति व दिशा, वर्षा और वायुमंडलीय दबाव जैसे आंकड़ों को स्वतः रिकॉर्ड कर तुरंत प्रसारित करता है। इन आंकड़ों के आधार पर कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केन्द्र सीधी द्वारा किसानों को समय-समय पर सलाह दी जा रही है जिससे वे मौसम के अनुसार अपनी खेती की योजना बनाकर फसलों को नुकसान से बचा सकें। किसान कल्याण वर्ष की भावना के अनुरूप यह पहल किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से बचाने और उत्पादन बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही है। समय पर मौसम पूर्वानुमान मिलने से किसान असमय बारिश, तेज हवाओं या तापमान में बदलाव के प्रति पहले से सतर्क रह सकेंगे, जिससे फसल क्षति और आर्थिक नुकसान में कमी आएगी।

कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख शैलेन्द्र गौतम ने बताया कि मौसम स्टेशन से प्राप्त डाटा के आधार पर किसानों को नियमित सलाह दी जा रही है। वहीं उपसंचालक कृषि राजेश सिंह चौहान ने जानकारी दी कि किसानों को किसान सारथी पोर्टल से जोड़ा जा रहा है ताकि उन्हें एसएमएस के माध्यम से मौसम और खेती से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सीधे प्राप्त हो सके। अब तक 31 हजार से अधिक किसान इस पोर्टल से जुड़ चुके हैं जबकि शेष किसानों को भी तेजी से जोड़ा जा रहा है। जिन किसानों को अभी तक एसएमएस अलर्ट नहीं मिल रहे हैं वे अपने नजदीकी कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं। इसके साथ ही विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी किसानों तक जानकारी पहुंचाई जा रही है।

# तहसीलदार के मुख्य अतिथि में भदौरा में उत्साह के साथ हुआ प्रवेशोत्सव कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**कुसमी 3 अप्रैल। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भदौरा में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उत्साह एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी तहसीलदार कुसमी नारायण सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य बी.के.पनिका ने की।**




इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्वागत गीत के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में श्रवण कुमार मिश्र ने शिक्षा, शिक्षार्थी एवं शिक्षालय की महत्ता पर सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन एवं नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। संदीप कुमार तिवारी ने विद्यालय प्रबंधन की भूमिका पर अपने विचार रखे, वहीं प्रदीप कुमार शुक्ल ने नामांकन बढ़ाने एवं अधिक से अधिक विद्यार्थियों को विद्यालय से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम को और अधिक गरिमामय बनाने में हिमांशु शुक्ल ने प्रेरक गीत की प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया। साज-सज्जा में श्रीमती भावना सिंह एवं श्रीमती संध्या त्रिवेदी सहित समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य बी.के.पनिका ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए नवीन शिक्षण सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं।

# बोदरीटोला, पोड़ी, कुशमहर व माटा में स्वास्थ्य शिविर आज

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 अप्रैल। प्रदेश में स्वास्थ्य और पोषण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में अब गांव-गांव तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का अभियान तेज हो गया है।**

इसी क्रम में कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा जिले में पंचायत स्तर पर विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को उनके घर के पास ही समग्र स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। मुख्यमंत्री के विज़न के अनुरूप यह पहल मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, कुपोषण को खत्म करने और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। इसी कड़ी में 4 अप्रैल को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक मझौली के बोदरीटोला, सिहावल के पोड़ी, रामपुर नैकिन के कुशमहर और सीधी के माटा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां आसपास की 3 से 4 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को एक साथ लाभ मिलेगा। इन शिविरों में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, कुपोषित बच्चों और किशोरी बालिकाओं को केन्द्र में रखते हुए विशेष स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएंगी। साथ ही बुजुर्गों के स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श की भी व्यवस्था रहेगी।



# चुरहट में भाजपाईयों को मिला दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**चुरहट 3 अप्रैल। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान वर्ष 2026 के तहत दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन अवध पैलेस चुरहट में किया गया। 1 और 2 अप्रैल को आयोजित प्रशिक्षण में चुरहट मंडल के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, बीएलए ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।**

मुख्य वक्ता एवं प्रशिक्षण अभियान के संभागीय प्रभारी के.के.तिवारी एवं जिला उपाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय, महामंत्री लोरिक यादव, जिला उपाध्यक्ष शिवदान साकेत, पूर्व जिला अध्यक्ष लालचंद गुप्ता, जीतेन्द्र सिंह चौहान, हरिजन आदिवासी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य, सांसद प्रतिनिधि डॉ.देवेन्द्र त्रिपाठी, पूर्व जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा कृष्ण बहादुर सिंह बब्बू कक्का, पुनीत नारायण शुक्ला समेत सभी वक्ताओं ने प्रशिक्षण दिया। चुरहट मंडल अध्यक्ष प्रमोद सिंह एवं मंडल के सभी पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# युवा कांग्रेस केवल संगठन नहीं बल्कि युवाओं की ताकत और परिवर्तन का माध्यम : घनघोरिया

## सीधी में युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया का भव्य स्वागत, युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 अप्रैल। म.प्र. युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के प्रथम सीधी आगमन पर आज जिले में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष करुण सिंह के नेतृत्व में युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य और जोरदार स्वागत किया।**




निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जोगीपुर बायपास में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं, पुष्पवर्षा और नारों के साथ श्री घनघोरिया का स्वागत किया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा और कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बन रहा था। इसके पश्चात श्री घनघोरिया अस्पताल चौक पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अर्जुन सिंह दाऊ साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दाऊ साहब के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इसके बाद श्री घनघोरिया कार्यकर्ताओं के साथ पैदल मार्च करते हुए कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। पैदल मार्च के दौरान युवाओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए संगठन की एकजुटता और ऊर्जा का प्रदर्शन किया। मार्ग में जेसीबी मशीनों पर खड़े होकर पुष्पवर्षा कर जगह-जगह उनका स्वागत किया गया। कांग्रेस कार्यालय में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान यश घनघोरिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जोशीला भाषण दिया। उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश का युवा बेरोजगारी, महंगाई और अवसरों की कमी से जूझ रहा है लेकिन सरकार युवाओं के मुद्दों पर गंभीर नहीं है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संगठन को मजबूत बनाएं और आम जनता की आवाज बनकर संघर्ष करें। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस केवल एक संगठन नहीं बल्कि युवाओं की ताकत और परिवर्तन का माध्यम है। यदि युवा ठान लें, तो राजनीति की दिशा और दशा दोनों बदल सकते हैं। श्री घनघोरिया ने आगे कहा कि आने वाले समय में युवा कांग्रेस को गांव-गांव तक सक्रिय करना है और हर वर्ग के युवाओं को संगठन से जोड़ना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुशासन, सक्रियता और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति, बूथ स्तर तक मजबूती और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष करुण सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार से भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उपस्थिति दर्ज कराइ, वह संगठन की ताकत को दर्शाता है। उन्होंने सभी से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेने की अपील की।

### वैचारिक रूप से कार्यकर्ताओं को तैयार करने की आवश्यकता : ज्ञानेंद्र

जिला संगठन महासचिव ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री ने अपने उद्बोधन में यश घनघोरिया से आग्रह किया आप प्रदेश भर में दौरा कर रहें जो निश्चित रूप से तारीफ योग्य है लेकिन वैचारिक रूप से कार्यकर्ताओं को तैयार करने की आवश्यकता है जिससे वो कांग्रेस की विचारधारा को समझें। साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार कर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाय।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह चौहान, प्रदेश सचिव धीरज सिंह, शिवम पाण्डेय, अभिज्ञान शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अनुज साहू, एनएसयूआई अध्यक्ष सौरभ सिंह, विधानसभा अध्यक्ष कृष्णदेव सिंह, अभिषेक सिंह सनी, सूर्या साहू, विकास सिंह परिहार, तेजस्वी मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष हर्षित शुक्ला, विपिन सिंह, रमेश साहू, रमन सिंह, कुणाल पाण्डेय, रोहित द्विवेदी, दीपक चंदेल सहित कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को ऐतिहासिक और सफल बनाया।